# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 02 जून, 2020


- राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार-2020
- मेरा जीवन मेरा योग
- लोकसभा के नियम 266 एवं 267
- राष्ट्रीय कैरियर सेवा परियोजना


## राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार-2020

## Rajiv Gandhi Khel Ratna award-2020

'बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया' (Boxing Federation of India-BFI) द्वारा रजत पदक विजेता अमित पंघाल (Amit Panghal) और अनुभवी विकास कृष्ण (Vikas Krishan) को 'राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार-2020' (Rajiv Gandhi Khel Ratna award-2020) के लिये नामित किया गया।

## प्रमुख बिंदु:

- अमित पंघाल वर्ष 2019 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले भारत के पहले पुरुष मुक्केबाज़ बने।
- **राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार:**
  - राजीव गांधी खेल रत्न जिसे आधिकारिक तौर पर 'स्पोर्ट्स एंड गेम्स में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार' के रूप में जाना जाता है, भारत गणराज्य का सर्वोच्च खेल सम्मान है।
  - इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1991–92 में हुई थी।
  - यह पुरस्कार युवा एवं खेल मामलों के मंत्रालय (Ministry of Youth Affairs and Sports) द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।
  - वर्ष 2018 तक इस पुरस्कार के विजेता को एक पदक, एक प्रमाण पत्र और 7.5 लाख रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है।
- BFI ने **अर्जुन पुरस्कार-2020 (Arjuna Award-2020)** के लिये विश्व कांस्य विजेता खिलाड़ी [लोवलिना बोर्गोहैन (69 किग्रा), सिमरनजीत कौर (64 किग्रा) एवं मनीष कौशिक (63 किग्रा)] को नामित किया है।
- **अर्जुन पुरस्कार (Arjuna Award):**
  - अर्जुन पुरस्कार युवा एवं खेल मामलों के मंत्रालय (Ministry of Youth Affairs and Sports) द्वारा खेलों में उत्कृष्ट उपलब्धि को मान्यता देने के लिये दिये जाते हैं।
  - इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1961 में हुई थी।
  - इस पुरस्कार के विजेता को 5,00,000 रुपए का नकद पुरस्कार, अर्जुन की एक कांस्य प्रतिमा और एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।
- **द्रोणाचार्य पुरस्कार-2020 (Dronacharya Award-2020)** के लिये अपने नामांकन में BFI ने महिला खिलाड़ियों के राष्ट्रीय कोच मोहम्मद अली कमर और सहायक कोच छोटे लाल यादव को नामित किया है।
- **द्रोणाचार्य पुरस्कार (Dronacharya Award):**
  - द्रोणाचार्य पुरस्कार को आधिकारिक तौर पर 'स्पोर्ट्स एंड गेम्स में उत्कृष्ट कोच के लिये द्रोणाचार्य पुरस्कार' के रूप में जाना जाता है, यह भारतीय गणराज्य का स्पोर्ट्स कोचिंग अवार्ड है।
  - इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1985 में हुई थी।
  - इसे युवा एवं खेल मामलों के मंत्रालय (Ministry of Youth Affairs and Sports) द्वारा खेलों में उत्कृष्ट प्रशिक्षण देने के लिये वार्षिक तौर पर दिया जाता है।
  - वर्ष 2017 तक, इस पुरस्कार के विजेता को कांस्य की बनी गुरु द्रोणाचार्य की एक प्रतिमा, एक प्रमाण पत्र, औपचारिक पोशाक और 5 लाख रुपए प्रदान किये गए।
- **ध्यानचंद पुरस्कार-2020** (आजीवन उपलब्धि) के लिये BFI ने वर्ष 2008 की एशियाई मुक्केबाज़ी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता और दो बार की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता **ऊषा नागिसेट्टी** (Usha Nagisetty) को नामित किया।
- **ध्यानचंद पुरस्कार (Dhyan Chand Award):**
  - ध्यानचंद पुरस्कार को आधिकारिक तौर पर 'स्पोर्ट्स एंड गेम्स में लाइफटाइम अचीवमेंट के लिये ध्यानचंद पुरस्कार' के रूप में जाना जाता है,

यह भारतीय गणराज्य का आजीवन उपलब्धि के लिये प्रमुख खेल सम्मान है।
- इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 2002 में हुई थी।
- इस पुरस्कार को भारत सरकार के युवा एवं खेल मामलों के मंत्रालय (Ministry of Youth Affairs and Sports) द्वारा वार्षिक तौर पर प्रदान किया जाता है।
- वर्ष 2019 तक, इस पुरस्कार के विजेता को एक प्रतिमा, एक प्रमाण पत्र, औपचारिक पोशाक और 5 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया।

---

# मेरा जीवन मेरा योग

# My Life My Yoga

31 मई, 2020 को प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के प्रति 'मन की बात' संबोधन के दौरान 'मेरा जीवन मेरा योग' (My Life My Yoga) (इसे 'जीवन योग' भी कहा गया है) वीडियो ब्लॉगिंग प्रतियोगिता की घोषणा की।

//



## सहयोगी संस्थान:

- यह आयुष मंत्रालय (Ministry of AYUSH) और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (Indian Council for Cultural Relations-ICCR) का संयुक्त प्रयास है।

## उद्देश्य:

- इस वीडियो ब्लॉगिंग प्रतियोगिता का उद्देश्य योग के बारे में लोगों में जागरूकता उत्पन्न करना और आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2020 के अवलोकन में सक्रिय भागीदार बनने के लिये प्रेरित करना है।

## प्रमुख बिंदु:

- यह प्रतियोगिता व्यक्ति के जीवन में योग के परिवर्तनकारी प्रभाव पर केंद्रित है और 21 जून, 2020 को आगामी छठे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (International Day of Yoga- IDY) के अवलोकन से संबंधित गतिविधियों के रूप में शुरू की गई है।
- इस प्रतियोगिता में विश्व भर से कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रतिभागियों को तीन योगाभ्यासों जैसे- आसन, क्रिया, बंध, प्राणायाम और मुद्रा पर एक 3 मिनट का वीडियो अपलोड करना होगा और उसमें प्रतिभागियों को यह संदेश भी शामिल करना होगा कि इन योगाभ्यासों ने उनके जीवन को कैसे प्रभावित किया है।
- यह प्रतियोगिता फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से जन भागीदारी का समर्थन करेगी।
- इस प्रतियोगिता में प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कार के रूप में क्रमशः 1 लाख रुपए, 50 हजार रुपए, 25 हजार रुपए प्रदान करने की भी घोषणा की गई है।

---

# लोकसभा के नियम 266 एवं 267

# Rule 266 and 267 of the Lok Sabha

राज्य सभा सचिवालय ने वीडियोकॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पैनल की बैठक में शामिल होने के लिये गृह मामलों की स्थायी समिति के सदस्यों को अनुमति देने से इंकार कर दिया।

## प्रमुख बिंदु:

- समिति में वीडियोकॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठकों की अनुमति नहीं दिये जाने का मुख्य कारण बताया गया कि इससे गोपनीयता के सिद्धांत का उल्लंघन होता है और इस तरह के आयोजनों में अकेले बैठे सदस्य की कोई गारंटी नहीं होती है।

## लोकसभा के नियम:

- **नियम 267:**
  - इस नियम में कहा गया है कि समिति की बैठकें संसद भवन में ही होंगी। हालाँकि अध्यक्ष के पास उन बैठकों का स्थान बदलने की शक्तियाँ हैं।
- **नियम 266:**
  - इस नियम में बताया गया है कि सभी समिति की बैठकें निजी तौर पर आयोजित की जानी चाहिये, जो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठकों का एक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराती हैं ।
- यह अनिवार्य है कि समिति की बैठकों में सरकार द्वारा साझा की गई जानकारी की गोपनीयता की रक्षा हो। इसलिये यह तर्क दिया गया है कि जब समिति के सदस्य विभिन्न संस्थानों में कार्य करते हों तब आभासी बैठकों में गोपनीयता की रक्षा करना मुश्किल हो सकता है।

---

# राष्ट्रीय कैरियर सेवा परियोजना

# National Career Service Project

राष्ट्रीय कैरियर सेवा (National Career Service- NCS) परियोजना के तहत केंद्रीय श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय (Union Ministry of Labour and Employment) ने रोज़गार चाहने वाले पंजीकृत उम्मीदवारों के लिये 'मुफ्त ऑनलाइन कैरियर कौशल प्रशिक्षण' की शुरूआत की।

## प्रमुख बिंदु:

- यह कौशल प्रशिक्षण कोर्स टीसीएस आईओएन (TCS iON) के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है।
- सॉफ्ट स्किल पर आधारित यह कोर्स वर्तमान में उद्योगों की माँग के अनुरूप तथा रोज़गार चाहने वालों को कॉर्पोरेट शिष्टाचार, अंतर-व्यक्तिगत कौशल, प्रस्तुति कौशल आदि में सुधार करने में मदद करेगा।
- कौशल से संबंधित प्रशिक्षण मॉड्यूल हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में 'राष्ट्रीय कैरियर सेवा (NCS) पोर्टल' पर उपलब्ध है।
- केंद्रीय श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय, राष्ट्रीय कैरियर सेवा ( NCS) के एक ऑन-लाइन पोर्टल के माध्यम से रोज़गार की तलाश, कैरियर परामर्श, कौशल विकास पाठ्यक्रम पर जानकारी, प्रशिक्षण एवं इंटर्नशिप जैसी विभिन्न रोज़गार संबंधी सेवाएँ प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय रोज़गार सेवा के परिवर्तन के लिये NCS प्रोजेक्ट को लागू कर रहा है।

## राष्ट्रीय कैरियर सेवा (National Career Service):

- राष्ट्रीय कैरियर सेवा 20 जुलाई, 2015 को प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई एक पंचवर्षीय मिशन मोड परियोजना है।
- यह परियोजना 'केंद्रीय रोज़गार एवं श्रम मंत्रालय' के महानिदेशालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही है।
- यह एक ही स्थान पर विभिन्न समस्याओं के समाधान प्रस्तुत करता है जो भारत के नागरिकों को रोज़गार एवं कैरियर संबंधी सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है।
- यह नौकरी पेशा एवं नियोक्ताओं, प्रशिक्षण एवं कैरियर मार्गदर्शन प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों तथा प्रशिक्षण एवं कैरियर परामर्श प्रदान करने वाली एजेंसियों के बीच की खाई को पाटने का काम करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-02-june-2020